# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

E.Mail. dfouttarkashifd@gmail.com Fax No-01374222964 Tel.No- 01374222444


पत्रांक- 04 / 12-1(2) कोटबंगला दिनांक 02 / 07/2018

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी।

विषय :– जनपद उत्तरकाशी के मल्ली बधाण गांव मोटर मार्ग के थौला से माड तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 8.346 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :– भारत सरकार की पत्र सं0–8वी/यू0सी0पी0/06/02/2017/एफ0सी0/1950 दिनांक 20.02.2018 तथा आपकी पत्र सं0–252/3LA दिनांक 27.02.2018 एवं पत्र सं0–748/3LA दिनांक 18.06.2018 तथा पत्र सं0–766/3LA दिनांक 21.06.2018।

महोदय,

भारत सरकार वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत परियोजना की निर्माण हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शासनादेश में उल्लिखित शर्त सं0–1 के क्रम में आपके उपरोक्त संदर्भित पत्रों के मांग के अनुसार संशोधित करते हुये वर्तमान में प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र सं0–972/3–5–2 दिनांक 21.11.2017 के अनुसार वर्ष 2018–19 के लिए निर्धारित क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि तथा शर्त सं0–2 के अनुसार एन0पी0वी0 की निर्धारित धनराशि निम्नानुसार **(Challan Generate)** कर ऑनलाइन नोडल अधिकारी कार्यालय में जमा करने के उपरान्त जमा धनराशि का चालान सहित सूचना इस कार्यालय को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त शासनादेशों में उल्लेखित सभी शर्तो की अनुपालन आंख्या भी इस कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि प्रस्ताव पर विधिवत स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

| क्र0 सं0 | मद | इकाई | दर | जमा की जाने वाली धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु। | 16.692 हे0 | 2,78,665.00 | 46,51,476.18 |
| 2 | एन0पी0वी0 | 8.346 हे0 | घनत्व–0.4<br>दर– 8,45000 | 70,52,370.00 |

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपि :– अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, वन संरक्षण भूमि सर्वेक्षण निदेशालय इन्द्रानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी, उत्तरकाशी को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी।